प्रा(क्प - 2

# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन-0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पत्रांक-नि॰प्रा॰/नि॰ 01-03/2019 खण्ड- 1593 /पटना, दिनांक 11/10/2019

प्रेषक,

रंजना कुमारी,
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**सभी उप विकास आयुक्त-सह-नोडल पदाधिकारी (पैक्स चुनाव),**
**सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी,**
बिहार।

विषय : **प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) निर्वाचन, 2019 हेतु अपूर्ण निर्वाचन व्यय (शुल्क) प्रेषित करनेवाले पैक्सों के संबंध में आवश्यक निर्देश।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय से संबंधित प्राधिकार के पत्रांक-1061 दिनांक-17.07.2019 द्वारा निर्वाचन शुल्क की राशि पूर्ण रूप से जमा नहीं करनेवाले पैक्सों को दिनांक 20.07.2019 तक शेष राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था, किन्तु अभी तक शेष राशि प्राधिकार को उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। सुलभ प्रसंग हेतु उक्त पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

अत: अनुरोध है कि निर्वाचन देय पैक्सों से प्राप्त निर्वाचन व्यय की राशि की स्वयं समीक्षा कर प्रत्येक 700 मतदाताओं पर एक मतदान के केन्द्र के हिसाब से प्रति मतदान केन्द्र रू॰ 5,000/- (पाँच हजार रूपये) की दर से शेष राशि दिनांक 19.10.2019 तक Bank Draft/RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करायें। अन्य किसी माध्यम से जमा की गई राशि के आधार पर निर्वाचन कराने का दावा मान्य नहीं होगा। **जिन पैक्सों द्वारा पूर्ण राशि जमा नहीं की जाएगी, उनके निर्वाचन की अधिसूचना जारी करने में कठिनाई होगी। ऐसे पैक्सों को इससे अवगत करा दिया जाए।**

विश्वासभाजन

11.10.19

(रंजना कुमारी)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक : 1593 /पटना, दिनांक 11/10/2019

प्रतिलिपि : सभी जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰), बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11.10.19

**संयुक्त सचिव**

ज्ञापांक : 1593 /पटना, दिनांक 11/10/2019

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

11.10.19

**संयुक्त सचिव**